**माननीय कुलाधिपति महोदय की अध्यक्षता में दिनांक—06 मई, 2024 को राजभवन, पटना में राज्यान्तर्गत विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ सम्पन्न बैठक की कार्यवाही।**

माननीय कुलाधिपति महोदय की अध्यक्षता में राज्यान्तर्गत विश्वविद्यालयों के कुलपतियों एवं अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के साथ बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना सम्मिलित नहीं हुए। कुलपतियों के साथ आयोजित बैठक में राज्य के शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण आदि पर विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी। उक्त बैठक में सम्मिलित महानुभावों की सूची (**अनुलग्नक—1**)।

बैठक के एजेंडा के अनुरूप सभी विश्वविद्यालयों के स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर के लम्बित परीक्षाओंएवं स्नातक / स्नातकोत्तर में नामांकन की स्थिति के क्रम में सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों द्वारा बारी—बारी से अपनी बात रखी गई :—

उक्त बैठक में निम्नांकित एजेंडा पर विस्तृत रूप से विचार किया गया यथा

1. **स्नातक /स्नातकोत्तर स्तर के लंबित परीक्षाओं की स्थिति।**

I. कुलपति, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर द्वाराबताया गया है कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर सत्र समय से चल रहे हैं ।

II. कुलपति, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के स्नातक सत्र 2022—25 का पार्ट—II, स्नातक सत्र 2021—24 का पार्ट 3 की परीक्षाऐं अप्रील 2024 में होनी थी, जोविश्वविद्यालय के बैंक खाते बंद होने एवं लोक सभा चुनाव 2024 के कारण Reshedule करना पड़ा। उनके परीक्षा परिणाम जुलाई, 2024 में प्रकाशित कर दिये जाने का आश्वासन दिया गया।स्नातकोत्तर सत्र 2023—25 का सेमेस्टर 2, स्नातकोत्तर सत्र 2022—24 का सेमेस्टर 4 की परीक्षाऐं मई 2024 में होनी थी, जोउपरोक्त कारण से Reshedule करना पड़ा। उनके परीक्षा परिणाम जून, 2024 में प्रकाशित कर दिये जाने का आश्वासन दिया गया।

III. कुलपति, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर सत्र समय से चल रहे हैं ।

IV. कुलपति, मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर सत्र समय से चल रहे हैं ।

V. कुलपति, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर सत्र समय से चल रहे हैं।लोकसभा चुनाव 2024 के कारण स्नातक कीप्रस्तावित परीक्षाओं Reshedule किया गया है।

VI. कुलपति, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा द्वारा बताया गया कि स्नातक सत्र समय से चल रहा है एवं स्नातकोत्तर के Backlog को दिसम्बर, 2024 तक ठीक कर दिया जायेगा।

VII. कुलपति, बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर सत्र समय से चल रहे हैं ।

VIII. कुलपति, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा द्वारा बताया गया कि स्नातक सत्र 2020–23 के पार्ट–3 का परीक्षा परिणाम दिनांक–30.08.2024 तक, स्नातक सत्र 2021–24 के पार्ट–3 का परीक्षा परिणाम दिनांक–30.11.2024 एवं स्नातक सत्र 2022–25 के पार्ट–3 का परीक्षा परिणाम दिनांक–15.06.2025 तक प्रकाशित कर दिये जाने का आश्वासन दिया गया। स्नातकोत्तर सत्र 2020–2022 के सेमेस्टर 4 का परीक्षा परिणाम दिनांक–30.08.2024 एवंस्नातकोत्तर सत्र 2021–23 के सेमेस्टर 4 का परीक्षा परिणाम दिनांक–20.11.2024 तक प्रकाशित कर दिये जाने का आश्वासन दिया गया। स्नातकोत्तर सत्र 2022–24 में नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। स्नातकोत्तर सत्र 2023–25 में नामांकन अबतक प्रारम्भ नहीं हुआ है।

IX. कुलपति, मुँगेर विश्वविद्यालय, मुँगेर द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर सत्र समय से चल रहे हैं ।

X. कुलपति, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर सत्र समय से चल रहे हैं।

XI. कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा बताया गया कि उनके विलम्बित स्नातक सत्र 2018–21, 2019–22 एवं 2020–23 का परीक्षा परिणाम प्रकाशित किया जा चुका है। स्नातक सत्र 2021–24 का पार्ट 3 को परीक्षा परिणाम दिनांक–15.07.2024 तक प्रकाशित कर दिया जायेगा। स्नातक सत्र 2022–25 के पार्ट 2 का परीक्षा परिणाम दिनांक–20.07.2024 को प्रकाशित होगा। स्नातक सत्र 2023–27 के सेमेस्टर 2 का परीक्षा परिणाम 20 जुलाई, 2024 तक प्रकाशित किये जाने का आश्वासन दिया गया। स्नातकोत्तर सत्र 2018–20, 2019–21 एवं 2020–22 का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। स्नातकोत्तर सत्र 2021–23 के सेमेस्टर 4 का परीक्षा परिणाम दिनांक–25.06.2024 तक प्रकाशित कर दिये जाने का आश्वासन दिया गया।

XII. कुलपति, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा द्वारा बताया गया कि स्नातक सत्र 2023–27 का सेमेस्टर 2 की परीक्षाऐं लोक सभा चुनाव 2024 के कारण प्रभावित हुई है इसका परीक्षा परीणाम दिनांक–15.07.2024 तक प्रकाशित कर दिये जाने का आश्वासन दिया है । स्नातकोत्तर सत्र 2021–23 के सेमेस्टर 4 का परीक्षा परिणाम दिनांक–15.06.2024 तक एवं सत्र 2022–24 के सेमेस्टर 4 का परीक्षा परिणाम दिनांक–31.10.2024 तक प्रकाशित करने का आश्वासन दिया गया।

XIII. कुलपति, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर सत्र समय से चल रहे हैं।

XIV. कुलपति, पटना विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक सत्र एवं स्नातकोत्तर समय से चल रहे हैं।

XV. कुलपति, नालन्दा खुला विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर सत्रके कोई भी परीक्षाऐं लंबित नहीं है।

XVI. कुलपति, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर सत्र समय से चल रहे हैं ।

XVII. कुलपति, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बताया गया किउनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर सत्र समय से चल रहे हैं ।

**2. स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर में नामांकन की स्थिति ।**

I. कुलपति, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर द्वारा बताया गया है कि स्नातक सत्र 2024–28 के सेमेस्टर 1 में नामांकन प्रक्रिया दिनांक–29.04.2024 से 15.06.2024 तक की जायेगी एवं उनकी कक्षाऐं दिनांक–01.07.2024 से प्रारम्भ होगी । स्नातकोत्तर सत्र 2024–26 में नामांकन दिनांक–01.07.2024 से 27.07.2024 तक होगी एवं उनकी कक्षाऐं दिनांक–28.07.2024 से प्रारम्भ होगी ।

II. कुलपति, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा द्वारा बताया गया कि स्नातक सत्र 2024–28 के सेमेस्टर 1 में नामांकन प्रक्रिया दिनांक–28.06.2024 तक पूरी कर ली जायेगी। स्नातकोत्तर सत्र 2024–26 में नामांकन प्रक्रिया दिनांक–10.08.2024 से प्रारम्भ होगी ।

III. कुलपति, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बताया गया कि नामांकन प्रक्रिया जारी है ।

IV. कुलपति, मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बताया गया कि स्नातक सत्र 2024–28 के सेमेस्टर 1 में नामांकन प्रक्रिया चल रही है।

V. कुलपति, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ द्वारा बताया गया है कि स्नातक सत्र 2024–28 के सेमेस्टर 1 में नामांकन प्रक्रिया दिनांक–22.04.2024 से प्रारम्भ हो गयी है। स्नातकोत्तर सत्र 2024–26 में नामांकन प्रक्रिया जून, 2024 से लिया जाना प्रस्तावित है।

VI. कुलपति, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा द्वाराबताया गया कि स्नातक सत्र 2023–27 में नामांकन दिनांक–11.03.2024 से 16.03.2024 तक लिया गया है। स्नातकोत्तर सत्र 2024–28 में नामांकन दिनांक–03.06.2024 से 29.06.2024 तक ली जायेगी एवं उनकी कक्षाऐं दिनांक–15.07.2024 से प्रारम्भ होगी।

VII. कुलपति, बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर द्वारा बताया गया कि उनके स्नातक सत्र 2024–28 के सेमेस्टर 1 में नामांकन प्रक्रिया चल रही है।

VIII. कुलपति, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा द्वाराबताया गया है कि स्नातक सत्र 2024–28 के सेमेस्टर 1 में नामांकन प्रक्रिया दिनांक–30.06.2024 तक पूरी कर लिया

जायेगा एवं उनकी कक्षाऐं दिनांक–04.07.2024 से प्रारम्भ होगी । स्नातकोत्तर सत्र 2024–26 में नामांकन विलम्ब से लिया जायेगा।

IX. कुलपति, मुँगेर विश्वविद्यालय, मुँगेर द्वारा बताया गया कि स्नातक सत्र 2024–28 के सेमेस्टर 1 में नामांकन प्रक्रिया के तहत दिनांक–06.04.2024 से 30.04.2024 तक आवेदन पत्र लिया गया है। CBSE एवं ICSE बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात् नामांकन पोर्टल को पुनः खोला जायेगा । उनकी कक्षाऐं दिनांक–01.07.2024 से प्रारम्भ होगी । स्नातकोत्तर सत्र 2024–26 में नामांकन स्नातक सत्र 2021–24 के पार्ट 3 के परीक्षा परिणाम के पश्चात् प्रक्रिया जुलाई, 2024 में लिया जायेगा।

X. कुलपति, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा द्वारा बताया गया कि स्नातक सत्र 2024–28 के सेमेस्टर 1 में नामांकन प्रक्रिया दिनांक–20.04.2024 को प्रारम्भ हुई एवं नामांकन दिनांक–11.06.2024 से कराया जाना प्रस्तावित है। उनकी कक्षाऐं जुलाई, 2024 में प्रारम्भ होगी । स्नातकोत्तर सत्र 2024–26 में नामांकन प्रक्रिया स्नातक सत्र 2021–24 के पार्ट 3 के परीक्षा परिणाम के पश्चात् की जायेगी।

XI. कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा बताया गया किस्नातक सत्र 2024–28 के सेमेस्टर 1 में नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिनांक–02.05.2024 से 20.05.2024 तक लिया जायेगा एवं नामांकन दिनांक–01.06.2024 से आरम्भ होगी। स्नातकोत्तर सत्र 2022–24 में नामांकन जारी है, जिसमें नामांकन की अंतिम तिथि दिनांक–07.05.2024 निर्धारित की गयी है। स्नातकोत्तर सत्र 2023–25 में नामांकन हेतु दिनांक–02.05.2024 से आवेदन पत्र आवंटित किये गये है, जिसमें नामांकन की अंतिम तिथि दिनांक–12.05.2024 निर्धारित की गयी है।

XII. कुलपति, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा द्वाराबताया गया कि स्नातक सत्र 2024–28 एवं स्नातकोत्तर सत्र 2024–26 में दो बार Spot Admission जून, 2024 में कराया जायेगा। स्नातक की कक्षाऐं दिनांक–04.07.2024 से एवं स्नातकोत्तर की कक्षाऐं दिनांक–01.07.2024 से प्रारम्भ होगी।

XIII. कुलपति, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बताया गया कि स्नातक सत्र 2024–28 के सेमेस्टर 1 में नामांकन प्रक्रिया दिनांक–02.05.2024 से 30.06.2024 तक सम्पन्न होगी एवं उनकी कक्षाऐं दिनांक–04.07.2024 से प्रारम्भ होगी । स्नातकोत्तर सत्र 2024–26 में नामांकन दिनांक–15.06.2024 से 07.08.2024 तक ली जायेगी एवं उनकी कक्षाऐं दिनांक–08.08.2024 से प्रारम्भ होगी ।

XIV. कुलपति, पटना विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बताया गया कि स्नातक सत्र 2024–28 के सेमेस्टर 1 में नामांकन प्रक्रिया दिनांक–18.04.2024 से 20.05.2024 तक सम्पन्न होगी एवं उनकी कक्षाऐं दिनांक–04.07.2024 से प्रारम्भ होगी । स्नातकोत्तर सत्र 2024–26 में नामांकन दिनांक–15.06.2024 से 08.07.2024 तक ली जायेगी एवं उनकी कक्षाऐं दिनांक–08.08.2024 से प्रारम्भ होगी ।

XV. कुलपति, नालन्दा खुला विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बताया गया कि उनके विश्वविद्यालय के सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर कोर्स विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के स्तर से मान्यता नहीं प्राप्त होने के कारण उनमें नामांकन प्रारम्भ नहीं हो सका है।

XVI. कुलपति, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर द्वारा बताया गया है कि BCECE Exam के बाद सबसे अंतिम में एग्रीकल्चर का कॉन्सेलिंग कराया जाता है । इस संबंध में BCECE के चेयरमैन से बात की गयी, उन्होंने कार्रवाई किये जाने का ठोस आवश्वासन दिया है ।

XVII. कुलपति, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बताया गया है कि विश्वविद्यालय के नियंत्रणाधीन विभिन्न विद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया Vaterinary Council of India एवं Bihar Vaterinay Council के द्वारा लिये गये Exam के आलोक में नामांकन की प्रक्रिया की जायेगी ।

3. **अन्यान्य**

माननीय कुलाधिपति महोदय द्वाराबताया गया कि उनके पास विद्यार्थियों से कुछ महाविद्यालयों द्वारा दो–दो बार शुल्क लिये जाने एवं अन्य के संबंध में पत्र प्राप्त हुए है, जिसपर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए निम्ननिदेश दिये गये :–

- विद्यार्थियों से राज्यपाल सचिवालय द्वारानिर्धारित शुल्क के अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाय।
- किसी भी कोर्स में एक बार रजिस्ट्रेशन किये जाने के पश्चात छात्र से दोबारा रजिस्ट्रेशन फीस की मांग नहीं की जाय ।
- सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन के बिना किसी नए कोर्स की पढ़ाई शुरू नहीं किया जाय।
- सभी विश्वविद्यालय Academic Calendar एवं Examination Calendar का अनुपालन करें ।

अंत में राज्यपाल के प्रधान सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक को समाप्त किया गया।

माननीय कुलाधिपति महोदय के आदेश से,

ह०/–
(रॉबर्ट एल. चोंग्थू)
राज्यपाल के प्रधान सचिव

ज्ञापांकः—बी.एस.यू.(मिटिंग)—12 / 2022(पार्ट)—805 / रा.स.(I), दिनांक—30/05/2024

**प्रतिलिपिः—**

1. सभी कुलपति, बिहार के सभी विश्वविद्यालय को सूचना एवं बैठक में लिये गये निर्णय का अनुपालन सुनिश्चित करने की दिशा में यथावश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना ।
3. सभी संबंधित पदाधिकारी एवं विश्वविद्यालय शाखा के सहायकगण को सूचना एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।
4. आई. टी., मैनेजर को राजभवन के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।
5. संधारक, गार्ड पफाईल ।

30.5.2024

**राज्यपाल के प्रधान सचिव**

अनुलग्नक–।

| क्र.सं. | विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|
| 1. | प्रो० शशि प्रताप शाही<br>कुलपति<br>**मगध विश्वविद्यालय, बोधगया** |
| 2. | प्रो० संजय कुमार चौधरी<br>कुलपति<br>**ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा** |
| 3. | प्रो० शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी<br>कुलपति<br>**वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा** |
| 4. | प्रो० दिनेश चन्द्र राय<br>कुलपति<br>**बी. आर. ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर** |
| 5. | प्रो० जवाहर लाल<br>कुलपति<br>**तिलका माँझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर** |
| 6. | प्रो० के० सी० सिन्हा<br>कुलपति<br>**नालन्दा खुला विश्वविद्यालय, पटना** |
| 7. | प्रो० के० सी० सिन्हा<br>कुलपति (अतिरिक्त प्रभार)<br>**पटना विश्वविद्यालय, पटना** |
| 8. | प्रो० प्रमेंद्र कुमार बाजपेयी<br>कुलपति<br>**जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा** |
| 9. | प्रो० मो० आलमगीर<br>कुलपति<br>**मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, पटना** |
| 10. | प्रो० श्यामा राय<br>कुलपति<br>**मुँगेर विश्वविद्यालय, मुँगेर** |

| क्र.सं. | विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|
| 11. | प्रो० आर० के० सिंह<br>कुलपति<br>**पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना** |
| 12. | प्रो० राज नाथ यादव<br>कुलपति<br>**पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ** |
| 13. | प्रो० बिमलेन्दु शेखर झा<br>कुलपति<br>**भूपेन्द्र नारायण मण्डल विश्वविद्यालय, मधेपुरा** |
| 14. | प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय<br>कुलपति<br>**कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा** |
| 15. | डॉ० शरद कुमार यादव<br>कुलपति<br>**आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना** |
| 16. | प्रो० दुनिया राम सिंह<br>कुलपति<br>**बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर** |
| 17. | डॉ० रामेश्वर सिंह<br>कुलपति<br>**बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना** |